# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# जो खाली वाहन आ रहे है उनमे प्रवासियों को उत्तराखण्ड बार्डर तक लाया जाए

**समीक्षा**

■एसडीआरएफ द्वारा बनाई गई ट्रेनिंग एप्प "कोरोना वारियर" का किया विमोचन

## सीएम ने राज्य स्तरीय कोविड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में स्थित अंतर राज्यीय आवागमन हेतु बनाये गए राज्य स्तरीय कोविड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ द्वारा बनाई गई ट्रेनिंग एप्प "कोरोना वारियर" का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी भी ली। अब तक राज्य में लाये गए प्रवासियों की संख्या तथा बाहर जाने वाले प्रवासियों के बारे में जानकारी। अभी तक सम्पादित बड़े अभियान एवं भविष्य के लिए कार्ययोजना, कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, उपलब्धियां, समस्याएं तथा सुझाव, वेब लिंक के माध्यम से मॉनिटर की जा रही जानकारी भी मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान ली। इसके अलावा उन्होंने राज्य के विभिन्न विभागों को अभी एसडीआरएफ द्वारा दिए गए प्रशिक्षण, अंतर राज्यीय तथा अंतर जनपदीय परिवहन के बारे में भी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अन्य राज्यों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया जाए कि उनके राज्यों से जो खाली वाहन उत्तराखण्ड आ रहे हैं उन वाहनों में उत्तराखण्ड के प्रवासियों को उत्तराखण्ड बार्डर तक लाया जाए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कंट्रोल रूम में अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मानित भी किया। जो कार्मिक सम्मानित किये गये उनमें एसडीआरएफ निरीक्षक वेद प्रकाश भट्ट, अनूप रमोला, उमराव सिंह, रेखा नेगी, अमन सिंह शामिल हैं।

कोविड–19 अथवा नोवेल कोरोना वायरस के दृष्टिगत वर्तमान तक एसडीआरएफ द्वारा विभिन्न विभागों के 18 हजार से अधिक कर्मियों तथा जनमानस को कोरोना संक्रमण से बचाव सम्बंधी प्रशिक्षण दिया गया है। इसी क्रम में खेल–खेल में जागरूकता प्रदान करने वाली क्विज कराई जा रही है। इस एप्प के माध्यम से पुलिस, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री, आवश्यक सेवाओं के वाहन चालक, सफाई कर्मी आदि विभागों के कर्मचारियों एवं आम जनमानस द्वारा ज्ञान वर्धन किया जा सकता है।

इस अवसर पर सचिव शैलेष बगोली, आईजी एसडीआरएफ संजय गुंज्याल, कमांडेंट एसडीआरएफ सुश्री तृप्ति भट्ट एवं एसडीआरएफ के जावान उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### डीएम ने ली सलाहकार समिति की बैठक

**संवाददाता** हरिद्वार। जिलाधिकारी सी रविशंकर ने आज जिला स्तरीय समीक्षा व सलाहाकार समिति की बैठक रोशनाबाद सभागार में ली। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी विनीत तोमर की उपस्थिति में भारत सरकार तथा राज्य सराकार की बैंकों से संचालित होने वाली योजनाओं पर इस विशेष बैठक की अध्यक्षता की। डीएम ने लीड बैंक अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक अनिल कुमार झा को आर्थिकी सुधार के विषय में विशेष निर्देश दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने अगली रणनीतियों के अनुपालन के लिए इस प्रकार की विशेष बैठक प्रतिमाह आयोजित किये जाने के भी निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि कोरोना संक्रमण अवधि में अर्थव्यवस्था व आर्थिकी को मजबूति प्रदान करने के लिए जितनी भी सरकारी योजनायें बैंकों के माध्यम से लाथार्थियों प्रदान की जा रही हैं और आवेदनों को अभी तक बैंकों में लम्बित रखा गया है, उन सभी को दो दिन के अंतर्गत निस्तारण किया जाये।

### व्यापारी नेता ने की व्यापारियों से चौकीदार रखने की अपील

**संवाददाता** हरिद्वार। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल हरिद्वार के जिला महामंत्री संजीव नैय्यर ने शहर व्यापार मंडल ज्वालापुर, शहर व्यापार मंडल कनखल, शहर व्यापार मंडल शिवालिक नगर, शहर व्यापार मण्डल हरिद्वार के वरिष्ठ व्यापारी नेताओं और समस्त व्यापारियों से निवेदन किया है कि उनकी जानकारी के अनुसार 17 मई के बाद से कुछ संगठन जो भिखारियों को खाना वितरण करने वाले हैं, उनमें से अधिकांश बंद हो सकते हैं, कुछ लोग मानवता और इंसानियत के नाते भी खाना बांट रहे हैं, इस विषय में कहना चाहते हैं कि ज्वालापुर, कनखल, शिवालिक नगर, और हरिद्वार के लोग अलकनंदा बेलवाला क्षेत्रों में जो भिखारी हैं, जो अत्यधिक संख्या में बढ़ गए हैं।

### राहत शिविर में ठहरे हुए मजदूरों को मास्क एवं सैनिटाइजर वितरित

**संवाददाता** देहरादून। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा गांधी रोड स्थित जैन भवन जैन धर्मशाला में पुलिस प्रशासन द्वारा राहत शिविर में ठहरे हुए मजदूरों को मास्क एवं सैनिटाइजर वितरित किए गए। इस अवसर पर संगठन के चेयरमैन सचिन जैन ने कोविड–19 से संबंधित बचाव हेतु जरूरी जानकारी दी। उनको जागरूक किया कि किस तरह हम कोविड–19 से बच सकते हैं इस वैश्विक महामारी से हम सबको मिलकर लड़ना होगा तभी हम सुरक्षित और स्वस्थ रह पाएंगे, साथ ही अपने परिवार को भी सुरक्षित कर पाएंगे।

## आशारोड़ी चेकपोस्ट पर 44 लोगों के लिए सैंपल

**संवाददाता** देहरादून। बाहर से आने वाले प्रवासियों की दून के बार्डर पर सघन स्क्रीनिंग की जा रही है। आशारोड़ी चेकपोस्ट पर 44 लोगों के सैंपल लिए गए हैं। वहीं सोमवार को लिये गए 41 सैंपल की रिपोर्ट निगेटिव है। सभी लोगों को होम कोरंटाइन की सलाह देने के साथ संबंधित थाना पुलिस को भी निगरानी के लिए सूचित किया जा रहा है। लॉकडाउन में छूट मिलने और प्रवासियों को उत्तराखंड लाने के चलते आशारोड़ी चेकपोस्ट पर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। हर आने जाने वाले की स्क्रीनिंग की जा रही है। रेड जोन से आने वालों के कोरोना जांच के लिए सैंपल भी लिए जा रहे हैं। आशारोड़ी पर पहुंचे 549 लोगों को होम क्वारंटाइन किया गया। क्लेमेनटाउन के एसओ नरोत्तम बिष्ट ने बताया कि दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश से आने वाले लोगों पर खास नजर रखी जा रही है। चेक पोस्ट पर आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है।



## उत्तराखंड की राह प्रवासियों ने मुश्किल कर दी है, दो और कोरोना पॉजीटिव

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना संकट से पार पाने की दिशा में आगे बढ़ रहे उत्तराखंड की राह प्रवासियों ने मुश्किल कर दी है। पिछले पांच दिन में अन्य राज्यों से लौटे सात लोग अबतक कोरोना पॉजिटिव आए हैं। बुधवार को प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण का एक नया मामला सामने आया है। देहरादून में 52 वर्षीय महिला में हुई कोरोना की पुष्टि हुई है। छह नंबर पुलिया के पास रहने वाली महिला दिल्ली से इलाज कराकर वापस लौटी हैं। आसारोडी चेकपोस्ट पर उनका सैंपल लिया गया था, जिसके बाद उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। आपको बता दें कि अबतक

### बाहरी राज्यों से आए 549 को किया होम क्वारंटाइन

प्रदेशभर में कोरोना संक्रमण के 71 मामले सामने आ चुके हैं।

इससे पहले एक मामला मंगलवार को जनपद नैनीताल में सामने आया है। इसके बाद से ही और सतर्कता बरती जा रही है। लॉकडाउन के बाद गुजरात हरियाणा और यूपी से आ रहे लोगों का आशा रोड़ी चेक पोस्ट पर संदिग्धों का कोविड–टेस्ट किया जा रहा है। इस दौरान लोगों के फार्मासिस्ट द्वारा थर्मल स्क्रीनिंग और जीएनएम द्वारा उनके नाम पते नोट किए जा रहे हैं। इससे पहले ऊधमसिंहनगर में चार व उत्तरकाशी में बाहर से लौटा एक युवक कोरोना संक्रमित पाया गया है। प्रदेश में अब तक कोरोना के 69 मामले सामने आ चुके हैं। दिल्ली और गुरुग्राम में संक्रमित पाए गए दो मरीज भी यहां पहुंचे हैं, इन्हें मिलाकर संक्रमितों की संख्या 71 पहुंच गई है।

इनमें से 47 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। एक महिला की मौत भी हो चुकी है। वर्तमान में प्रदेश में 23 एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. अमिता उप्रेती ने बताया कि मंगलवार को 239 मामलों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिनमें 238 की रिपोर्ट निगेटिव व एक केस पॉजिटिव है।

दून में फंसे जम्मू–कश्मीर सहित विभिन्न राज्यों के लोगों को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम से रवाना किया।

## भंडारी बाग में दिहाड़ी मजदूरों को 300 मास्क बांटे

**संवाददाता** देहरादून। जन कल्याण सेवा समिति ने विजन सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से थाना पटेल नगर भंडारी बाग में दिहाड़ी मजदूरों को 300 मास्क बांटे। इस अवसर पर अध्यक्षा बलवीर नौटियाल ने बताया कि समिति इससे पूर्व भी समाज को कोविड 19 कोरोना वायरस संकट से अपनी रक्षा करने हेतु एवं इस संकट की घड़ी में सरकार के सहयोग हेतु अस्पतालों, मीडिया कर्मी एवं पुलिस स्टेशनों में घर में बनाए कॉटन के डबल लेयर के मॉस्क वितरित कर चुकी है। उन्होंने कहा कि समिति ने निर्धन महिलाओं को मॉस्क बनाने का रोजगार देकर उनको आर्थिक सहयोग देने का प्रयास किया है। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष सेवा सिंह मठारू ने कहा है कि मॉस्क वितरण के साथ ही साथ लोगों को कोरोना वायरस से बचाव के लिए भी जानकारियां प्रदान की जा रही है। उनका कहना है कि कोरोना वायरस से बचने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाई कि हाथ बार–बार धोयें, पानी से या सैनिटाइजर से हाथ धोने की जरूरत है। कोरोना वायरस से कैसे बचा जा सकता है इसके क्या लक्षण हैं उसके बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया।